राजस्थान पत्रिका

# वर्चुअल करेंसी पर चर्चा



**जोधपुर @ पत्रिका.** ऐश्वर्या कॉलेज के मैनेजमेंट संकाय के विद्यार्थियों की ओर से गुरुवार को भारतीय वर्चुअल करेंसी के अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव विषय पर एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय बजट 2022 में वर्चुअल करेंसी के संबंध में हुए प्रावधानों पर चर्चा की गई। ऐश्वर्या कॉलेज के चेयरमैन भूपेंद्र सिंह राठौड़ और प्राचार्य डॉ ऋषि नेपालिया ने बताया कि समूह चर्चा में बीबीए के 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्चुअल करेंसी के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर खुलकर चर्चा की।

दैनिक नवज्योति

# ऐश्वर्या कॉलेज में वर्चुअल करेंसी पर हुई समूह चर्चा



**नवज्योति/जोधपुर।** ऐश्वर्या कॉलेज के मैनेजमेंट संकाय के विद्यार्थियों के लिए भारतीय वर्चुअल करेंसी का अर्थ व्यव्था पर संभावित प्रभाव विषय पर गुरुवार को समूह चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें बीबीए के 27 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने विचार रखे। बीबीए के आशीष दाधीच, गरिमा जैन, फैजान खिलजी, हिमालय सिंह, कौशिक सोनी, कमलेश, सिद्धार्थ, मनमोहन, अनुराग व हिमांशु ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल करेंसी के संभावित सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों के विषय में खुलकर चर्चा की।

प्रबंध संकाय विभागाध्यक्ष ने बताया, हाल ही में केन्द्रीय बजट प्रस्तुत हुआ जिसमें सरकार वर्चुअल करेंसी को प्रचलन में लाने के लिए प्रयासरत है। यह विषय वाणिज्य और प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। जिससे इस विषय समूह चर्चा का आयोजन किया, जिससे विद्यार्थी इस विषय पर गहन अध्ययन कर ज्ञान अर्जित कर सकेंगे।

कॉलेज के चैयरमैन भूपेन्द्रसिंह राठौड़ ने प्रबंध संकाय को ऐसी गतिविधि के आयोजन पर बधाई दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्रबन्ध संकाय विभागाध्यक्ष के साथ फैकल्टी सदस्य डॉ. प्रवेश भंडारी, दिव्येश कल्ला, छाया पुरोहित तथा नरेन्द्र ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। संचालन सहायक प्रो.डॉ. प्रवेश भंडारी ने किया।

जोधपुर आज तक

जोधपुर, गुरुवार, 03 फरवरी, 2022



# ऐश्वर्या कॉलेज में बजट-2022 पर ग्रुप डिस्कशन का आयोजन, बीबीए के विद्यार्थियों ने वर्चुअल करन्सी के संभावित प्रभावों पर की चर्चा



**जोधपुर आजतक।** ऐश्वर्या कॉलेज जोधपुर के मैनेजमेन्ट संकाय के विद्यार्थियों के लिए भारतीय वर्चुअल करन्सी का अर्थव्यवस्था पर सम्भावित प्रभाव विषय पर एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें बीबीए के 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपने विचार रखे। बीबीए के आशीष दाधीच, गरिमा जैन, फैजान खिलजी, हिमालय सिंह, कौशिक सोनी, कमलेश, सिद्धार्थ, मनमोहन, अनुराग, हिमांशु आदि विद्यार्थियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल करेन्सी के सम्भावित सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के विषय में खुलकर चर्चा की। प्रबन्ध संकाय विभागाध्यक्ष ने बताया कि हाल ही में केन्द्रीय बजट प्रस्तुत हुआ है जिसमें घोषणा की गई है कि सरकार वर्चुअल करेन्सी को प्रचलन में लाने हेतु प्रयासरत है। यह विषय वाणिज्य और प्रबन्धन के विद्यार्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण है। इसी कारण से इस विषय पर एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिससे विद्यार्थी इस विषय पर गहन अध्ययन करें और ज्ञान अर्जित करें। ऐश्वर्या कॉलेज के चैयरमैन भूपेन्द्रसिंह राठौड़ ने प्रबन्ध संकाय को ऐसी गतिविधि के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि आज की प्रतिस्पर्धा भरे युग में विद्यार्थियों के लिए केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं। इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों को न केवल व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में शिरकत करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि नवीनतम घटनाओं और सामयिकी पर प्रबन्धन के विद्यार्थियों को अवश्य चर्चा करनी चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर प्रबन्ध संकाय विभागाध्यक्ष के साथ फैकल्टी सदस्य डॉ प्रवेश भण्डारी, दिव्येश कल्ला, छाया पुरोहित तथा नरेन्द्र ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ प्रवेश भण्डारी ने किया।

# ऐश्वर्या कॉलेज में बजट पर विद्यार्थियों ने किया ग्रुप डिस्कशन



**जोधपुर।** ऐश्वर्या कॉलेज के मैनेजमेन्ट संकाय के विद्यार्थियों के लिए भारतीय वर्चुअल करेंसी का अर्थव्यव्था पर सम्भावित प्रभाव विषय पर एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें बीबीए के 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपने विचार रखे।

प्रबन्ध संकाय विभागाध्यक्ष ने बताया कि हाल ही में केन्द्रीय बजट प्रस्तुत हुआ है जिसमें घोषणा की गई है कि सरकार वर्चुअल करेन्सी को प्रचलन में लाने हेतु प्रयासरत है। यह विषय वाणिज्य और प्रबन्धन के विद्यार्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण है। इसी कारण से इस विषय पर एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिससे विद्यार्थी इस विषय पर गहन अध्ययन करें और ज्ञान अर्जित करें। बीबीए के आशीष दाधीच, गरिमा जैन, फैजान खिलजी, हिमालय सिंह, कौशिक सोनी, कमलेश, सिद्धार्थ, मनमोहन, अनुराग, हिमांशु आदि विद्यार्थियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल करेन्सी के सम्भावित सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के विषय में खुलकर चर्चा की।

ऐश्वर्या कॉलेज के चौयरमैन भूपेन्द्रसिंह राठौड़ ने प्रबन्ध संकाय को ऐसी गतिवितधि के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों को न केवल व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढता है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में शिरकत करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि नवीनतम घटनाओं और सामयिकी पर प्रबन्धन के विद्यार्थियों को अवश्य चर्चा करनी चाहिए ताकि उनका सर्वागीर्ण विकास हो सके। इस अवसर पर प्रबन्ध संकाय विभागाध्यक्ष के साथ फैकल्टी सदस्य डॉ प्रवेश भण्डारी, दिव्येश कल्ला, छाया पुरोहित तथा नरेन्द्र ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ प्रवेश भण्डारी ने किया।